प्रेस नोट 04/09/2024

अवैध तमन्चा के साथ एक शातिर गिरफ्तार–

दिनांक 03.09.2024 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर संत कबीर इण्टर कॉलेज के पास से अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी रसुलपुर गौतम थाना मधुबन के कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 251/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 04.09.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र स्व0 पुरुषोत्तम राम निवासी खजड़ी थाना कोपागंज तथा रानीपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त दुर्गविजय यादव उर्फ मुन्ना पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी फरिदपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।